an>

Title: Need to declare State Highway No. 29 in Uttar Pradesh as a National Highway.

श्री चन्द्रभूषण सिंह (फ़र्रुख़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, संसद में विगत कई वर्षों से मांग करता आया हूं। यदि उत्तर प्रदेश के राज्य मार्ग-29 को जो कि बेवर से कटरा जाता है, को राष्ट्रीय मार्ग घोषित कर दिया जाये तो इससे तीन राष्ट्रीय मार्ग आपस में जुड़ जायेंगे। इससे सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि आपस में तीन जनपद भी जुड़ेंगे। यह जनपद हैं- फरूर्खाबाद, शाहजहांपुर, हरदोई।

राष्ट्र राजमार्ग -91 जो इटावा से बेवर तक है, जिसकी लम्बाई मातृ56 कि0मी0 है, को यदि मातृ 100 कि0मी0 और बढ़ा दिया जाये, तो राष्ट्रीय राजमार्ग नं0-92, 91 तथा दिल्ली गोरखपुर वाया बरेली राष्ट्रीय मार्ग आपस में जुड़ जायेंगे।

जनपद फर्रुखाबाद प्रदेश में सबसे अधिक आलू पैदा करता है, यह आलू विभिन्न प्रदेशों तक जाता है इसको ले जाने में सुगमता होगी, साथ ही साथ जलालाबाद (शाजजहांपुर) जो कि तहसील हैं, धान और अनाज की मुख्य मंडी है, के भी माल ढोने में आसानी होगी।

मेरी सरकार से मांग है प्रदेश राज्य मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की कृपा करें।